उत्तरी राज्यों में भारतीय वन सेवा के अधिकारी

2469. श्री हरीश रावत : क्या **कृषि मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश सहित उत्तरी भारत के राज्यों में इस समय कितने भारतीय वन सेवा के अधिकारी कार्यरत हैं;

(ख) क्या ये राज्य सरकारें विगत कई वर्षों से और भारतीय वन सेएा के अधिक अधिकारियों की मांग कर रही हैं; और

(ग) यदि हां, तो उनकी मांग के अनुसार वहां और कितने अधिकारी नियुक्त किए जा रहे हैं और उन्हें कब तक नियुक्त किया जाएगा ?

कृषि मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) दिनांक 1-7-1983 को उत्तरी राज्यों के संवर्ग में भारतीय वन सेवा अधिकारियों की संख्या नीचे दी गई है :—

क्रमाक	राज्य	अफिकारियों की सख्या
1.	जम्मू और कश्मीर	43
2.	हिमाचल प्रदेश	59
3.	पंजाब	22
4.	राजस्थान	56
5.	उत्तर प्रदेश	140
6.	बिहार	95

(ख) राज्य सरकारों से उनके संवर्ग में और अधिक भारतीय वन सेवा अधिकारियों का नामांकन करने के बारे में अनुरोध प्राप्त हुए हैं ।

(ग) भारतीय वन सेवा परीक्षा के आधार पर भर्ती किये गए भारतीय वन सेवा के अधिकारियों की संख्या का आवंटन हाल ही में प्रत्येक संवर्ग में रिक्त पड़े स्थानों के समानुपात में निम्नलिखित रूप से किया गया है और ये अधिकारी वन अनुसंधान संस्थान और महाविद्यालय देहरादून तथा लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मंसूरी में चल रहे अपने प्रशिक्षण के पूरा होने के पश्चात अगस्त, 1983 में अपने-अपने संवर्ग में रिपोर्ट करेंगे :—

क्रमांक	राज्य	तैनात किये गए अधिकारियो की संख्या
1.	जम्मू और कश्मीर	1
2.	हिमाचल क्षेदेश	5
3.	पंजाब	2
4.	राजस्थान	4
5.	उत्तर प्रदेश	5
6.	बिहार	4

बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र

2470. श्री नरसिंह मकवाना : क्या **सिचाई मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या पिछले वर्ष की तुलना में इस बर्ष बाढ़ से और अधिक क्षेत्र प्रभावित हुआ है ?

सिंचाई मन्त्रालय के मन्त्री (श्री राम निवास मिर्धा) : जी नहीं ।

आवश्यक वस्तुओं के मूल्य

2471. श्री नरसिंह मकवाना : क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या अच्छी वर्षा होने